# अनुपस्थित 36 सफाई संरक्षक व 10 हैल्परों

रतलाम। गुरुवार को प्रात: नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 36 सफाई संरक्षक व 10 कचरा संग्रहण वाहन के हैल्परों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। प्रात: निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 14, झोन क्रमांक 2 में 5, झोन क्रमांक 3 में 4 व झोन क्रमांक 4 में 13 इस तरह कुल 33 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी तरह कचरा संग्रहण वाहन के 10 हैल्परों द्वारा

# शिवराज बोले इंजेक्शन की कोई कमी नहीं, कोरोना पर अब 32 जिले ग्रीन

# ब्लैक फंगस के 12600 इंजेक्शन मिले, 17 हजार और आएंगे, मरीजों को भेजा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में ब्लैक फंगस के 12600 एंटी फंगस एम्फोटेरिसन बी इंजेक्शन मिले हैं। इन्हें निजी और सरकारी अस्पतालों के लिए रवाना कर दिया गया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जल्द ही 17 हजार इंजेक्शन और मिल जाएंगे। इससे इंजेक्शन की कमी दूर हो जाएगी। अभी प्रदेश में ब्लैक फंगस के 1005 मरीज हैं, जिन्हें ये इंजेक्शन तुरंत लगाने के लिए भेज दिए गए हैं। शिवराज ने यह बात शुक्रवार को कोरोना और ब्लैक फंगस के रिव्यु के दौरान कही। यहां शिवराज ने कहा कि 12600 हवाई मार्ग से बुलवाए गए हैं। प्रदेश में इंजेक्शन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

**32 जिले ग्रीन जोन में:** बैठक में बताया गया कि प्रदेश की साप्ताहिक पॉजिटिविटी 1.5 फीसदी है। अब प्रदेश के 32 जिले ग्रीन जोन में हैं, जहां 01 फीसदी से कम साप्ताहिक पॉजिटिविटी है। प्रदेश के बाकी जिले ऑरेंज जोन में हैं, जहां 1 से 5 फीसदी तक साप्ताहिक पॉजिटिविटी है।



**हाईएस्ट टेस्ट 80 हजार पार....**

प्रदेश में कोरोना टेस्ट अब हाइएस्ट स्थिति में है। अब 80 हजार से ज्यादा मरीजों का टेस्ट हो रहा है, जो अभी तक की सबसे ज्यादा टेस्टिंग है। शिवराज ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा टेस्ट किए जाएं। अब कोरोना के 5006 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, 7883 मरीज होम आइसोलेशन

## ब्लैक फंगस के मरीज...

**1005 मरीज प्रदेश में**

| | |
|---|---|
| 235 | भोपाल में |
| 428 | इंदौर में |
| 116 | जबलपुर में |
| 40 | सागर में |
| 85 | उज्जैन में |
| 52 | ग्वालियर में |
| 31 | रीवा में |
| 15 | देवास में |
| 02 | रतलाम में |
| 01 | बुरहानपुर में |

## शिवराज बोले- दूसरे राज्य अपनाएंगे मप्र का मॉडल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में मध्यप्रदेश स्वामित्व योजना में अधिकार अभिलेख तैयार करने में पहले नंबर पर है। अभी तक प्रदेश के 1615 गांवों के अधिकार अभिलेख पूर्ण किए जा चुके हैं। 41 फीसदी गांवों के अधिकार अभिलेख पूरे हो चुके हैं। इसके तहत अब लोगों को स्वामित्व कार्ड दिया दिया जाएगा। यह बात उन्होंने शुक्रवार को राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना की समीक्षा में कही। यहां राजस्व मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। शिवराज ने कहा कि भारत सरकार ने बेस्ट प्रैक्टिस के तहत अन्य राज्यों को भी मध्यप्रदेश की तर्ज पर स्वामित्व योजन की प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया है।

## ये भी दिए निर्देश

- पोस्ट कोविड मरीजों पर और फोकस किया जाएं। अभी 72 फीसदी से संपर्क।
- जिलों में वैक्सीनेशन अभियान को गति दें। प्रभारी मंत्री लीड करें।
- अधिक टेस्ट करें, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करें। जबलपुर में इसे तेजी से बढ़ाया जाए।

5-6-2021

# वार्ड 20 में अस्थायी पात्रता पर्ची का वितरण शुरू

रतलाम | सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए सीएम अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत आपदा खाद्यान्न राहत के तहत अस्थायी पर्ची का वितरण शुरू हो गया है। वार्ड क्रमांक 20 में भाजपा दीनदयाल मंडल ने लोगों के घरों पर पहुंचकर पात्रता पर्ची का वितरण किया। अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ,बूथ प्रभारी स्वतंत्र दीप पंवार वार्ड के निवासियों को घर-घर जाकर पात्रता पर्ची दी। आगे भी पर्ची का वितरण किया जाएगा।




5-6-2021

10

## विश्व पर्यावरण दिवस आज

# ये है सबसे हरियाली वाला इलाका रेलवे कॉलोनी... शहर से 2 डिग्री कम रहता तापमान क्योंकि यहां हैं ढाई हजार पेड़




**रतलाम** | नजारा रेलवे कॉलोनी का है, जहां गर्मी में शहर के अन्य इलाकों के मुकाबले तापमान 2 से 3 डिग्री तक कम रहता है। चौंकिए मत, इसका कारण लगभग 4 वर्ग किमी में फैले कैम्पस में सड़कों के आसपास और बगीचों में ही 18 से ज्यादा प्रजातियों के ढाई हजार से ज्यादा घने पेड़ हैं। सरकारी क्वार्टरों के बगीचों में पेड़-पौधे लगे हैं, यह अलग। यही वजह है कि गर्मी की झुलसती दोपहरी में रेलवे कॉलोनी से गुजरते समय राहगीरों को ठंडक का अहसास होता है।

### रतलाम का तापमान 4 दिन से लगातार 40 डि

इधर, शहर में पेड़ों की कमी इसी तस्वीर के अन्य इलाकों में साफ देख सकते हैं। मुख्य बाजार में हाल ऐसा है कि कृत्रिम हरी तनात बांधना पड़ती है ताकि सड़क पर छांव रहे। तापमान 40 डिग्री से को अधिकतम तापम न्यूनतम तापमान 25

05 जून 2021 | 2

# और इधर... शहर के मध्य माणक चौक क्षेत्र में बिछा है सीमेंट कांक्रीट का जंगल, यहां मकान व दुकान के बीच हरियाली देखने को तरसती हैं आंखें



और इधर यह नजारा है पुराने शहर माणकचौक, चांदनीचौक, रामगढ़ इलाके का। घनी आबादी वाले इन इलाकों में पेड़ों की संख्या लगातार कम होती जा रही है, हर तरफ मकान ही मकान नजर आते हैं।

### ग्री से ज्यादा

4 दिन से लगातार ज्यादा है। शुक्रवार न 36.6 डिग्री व .2 डिग्री रहा।

### इसलिए... इस पूरे क्षेत्र में रहवासियों को मिलता है सुकून...

- पेड़ों के कारण सूर्य की किरणें सीधी जमीन पर नहीं पड़तीं। जमीन पर ठंडक बनी रहती है।
- पेड़ जमीन से पानी लेकर वाष्प उत्सर्जित करते हैं। इससे माहौल में नमी रहती है।
- घने पेड़ की छाया आरामदायक होती है, सूर्य का असर कम होता है।
- पेड़ों की पत्तियां गर्म हवा को ठंडा करती है जो राहतभरा होता है।

दै. भास्कर
5-6-2021

## रतलाम में 12 नए मरीज, मौत एक भी नहीं, एक्टिव केस 438

रतलाम | जिले में संक्रमण के मामले लगातार कम हो रहे है। शुक्रवार को सिर्फ 12 नए पॉजिटिव ही सामने आए, अच्छी बात यह है कि किसी की मौत नहीं हुई है। जिले में अब कुल संक्रमितों का आंकड़ा 17363 हो गया है। शुक्रवार को मिली रिपोर्ट में कोई बच्चा भी शामिल नहीं है। जावरा स्टेशन रोड, सेमलिया, पिपलिया, बाजना, बिलपांक, मालीकुआं रतलाम में संक्रमित सामने आए हैं। जिले में एक्टिव केस 438 हैं। वहीं, अब तक 308 लोग कोरोना से जान गंवा चुके हैं।

---

**जिले में तेजी से घट रहा कोरोना का संक्रमण**

# शुक्रवार को केवल 12 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले , 11 मरीज हुए डिस्चार्ज

प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले में जहां कोरोना कहर पहले की तुलना में काफी कम हो चुका है। इसी बीच शुक्रवार को 12 नये कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आये है। वही आज मेडिकल कॉलेज से 11 मरीजों के डिस्चार्ज होने की खबर सामने आई है।

प्रशासनिक बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को रतलाम जिले के अलग अलग क्षेत्रों से नये कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके है। जिनमें से रतलाम शहर से 1 मरीज है। वही बाकी जिले के अन्य क्षेत्रों से है।




### मेडिकल कॉलेज से शुक्रवार को 11 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर शुक्रवार को 11 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 6 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 27 पर पेशेंट है। एचडीयू में 172 बैड में 21 पर पेशेंट है। ऑक्सीजन बेड 180 में 26 पर पेशेंट है।

नॉन ऑक्सीजन बैड 142 में से 04 पर पेशेंट भर्ती है। कुल 78 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 43 पॉजीटिव है तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले है। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 472 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5889, करंट स्टाक 134 है।

**शुक्रवार को 6636 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में शुक्रवार को आयोजित कोविड-19 टीकाकरण सत्रों के दौरान 6636 लोगों का टीकाकरण किया गया।

रतलाम शहर में 3091, सैलाना ब्लॉक में 450, रतलाम ग्रामीण में 690, पिपलोदा ब्लॉक में 500, जावरा में 1000, बाजना ब्लाक में 203, आलोट ब्लॉक में 702 लोगों का टीकाकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में अबतक कुल 210497 टीके लगाए जा चुके है।

### शनिवार एवं रविवार को दुकाने बंद रहेगी

रतलाम। रतलाम में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर अनलॉक की व्यवस्था के अंतर्गत लेफ्ट राइट सिस्टम के आधार पर 50 प्रतिशत बाजार खोला गया है। पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार शनिवार एवं रविवार को दुकानें नहीं खुलेगी। अत्यावश्यक सेवाएँ पूर्वानुसार जारी रहेगी। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अनावश्यक नहीं निकलें। अनावश्यक निकलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बदहाल सड़कों को बारिश से पहले दुरुस्त करवाएं

9-6-21 भास्कर

रतलाम | स्मार्ट सिटी और सीवरेज सिस्टम के नाम पर खोदने से बदहाल हो चुकी सड़कों को जल्द दुरुस्त किया जाए। यह मांग प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन देकर की है। उन्होंने बताया कि खोदने के बाद अब तक सारी सड़कों की रिपेयरिंग नहीं की गई है। मिनी स्मार्ट सिटी में डेलनपुर रोड, आनंद कॉलोनी, जवाहर नगर की सड़क शामिल है।

5

30/11/2021

(2)

# ई फाइल ट्रेकिंग सिस्टम बता देगा किस अधिकारी के पास पड़ी है कौन सी फाइल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 5-6-21

रतलाम. नगर निगम में एक टेबल से दूसरी टेबल पर पहुंचने वाली फाइलों बीच में कर्मचारियों व अधिकारियों की लापरवाही के कारण कहां चली जाती है किसी को पता नहीं चल पाता है। पहुंच वाले व्यक्ति अपनी फाइल ढूंढवा लेता है, लेकिन आम जनता की कोई सुनवाई नहीं होती है। अब नगर निगम में ई फाइल ट्रेकिंग शुरू होने जा रहा है। इस सिस्टम के लागू होने के बाद फाइलों को समय पर आगे बढ़ाना और संबंधित विभाग प्रमुख तक पहुंचाना ही होगा। फाइलों की ट्रेकिंग के लिए निगम में ई फाइल ट्रेकिंग सिस्टम लागू होने जा रहा है।

नगर निगम द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की फाइलों पर निगरानी रखी जाएगी कि फाइल विभागीय लिपिक द्वारा कब तैयार की गई और तैयार फाइल विभागीय अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई। विभागीय अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई आदि कार्य को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुड गवर्नेस में लेते हुए ई फाइल ट्रेकिंग सिस्टम तैयार करवाया है। इंदौर के कंसलटेंट ने प्रोजेक्टर के माध्यम से इसका प्रेजेन्टेशन देते हुए बताया कि ई फाईल टेक्रिंग सिस्टम एप्लीकेशन को मोबाईल, लेपटॉप, डेस्कटॉप व टेबलेट में डाउनलोड किया जाकर फाईल दर्ज की जा सकती है।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि नगर निगम में ई फाइल ट्रेकिंग सिस्टम लागू होने से फाइलों के मूवमेंट में वृद्धि होकर कार्य तेजी से हो सकेंगी व पेंडेंसी नही होगी। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी फाइलों के बारे में गलत जानकारी नहीं दे सकेगा। फाइल चलाने के लिए ई फाइल ट्रेकिंग एप्लीकेशन में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के नाम व मोबाईल नंबर दर्ज रहेंगे जिससे यह पता चल सकेगा कि वर्तमान में फाइल किसके पास है।

पत्रिका 5-6-2021

# अब निगम की फाइल रास्ते में रुकेगी न गुम होगी, ई-फाइल बताएगी लोकेशन

## शुक्रवार को एक्सपर्ट ने दिया एप्लीकेशन का प्रजेंटेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जल्द ही धीमी चाल चलने वाली नगर निगम की फाइलें दौड़ने लगेंगी, वह भी ऑनलाइन। न रास्ते में रुकेंगी, न गुम होगी। फाइल किसके पास पेंडिंग पड़ी है, इसकी ट्रैकिंग होगी। कम्प्यूटर लोकेशन बता देगा। इतना ही नहीं किस अधिकारी ने

## निगम आयुक्त ने तैयार करवाया सिस्टम

निगम द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की फाइलों पर निगरानी रखने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुड गवर्नेस के तहत यह फाइल ट्रैकिंग सिस्टम तैयार करवाया है। इसमें लिपिक ने फाइल कब बनाई, विभागीय अधिकारी को कब प्रस्तुत की। विभागीय अधिकारी ने उच्च अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई आदि सब की ऑनलाइन ही मॉनिटरिंग की जा सकेगी। सिस्टम एप्लीकेशन को मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप व टैबलेट में डाउनलोड किया जाकर फाइल दर्ज की जा सकेगी। आयुक्त झारिया ने बताया नए सिस्टम से फाइलों का मूवमेंट तेज होगा। इससे काम भी रफ्तार से होंगे। पेंडेंसी नहीं होगी। पूछे जाने पर अधिकारी एवं कर्मचारी फाइल के बारे में गलत जानकारी नहीं दे सकेंगे।

# लेन के लिए काटे पेड़ के बदले सामाजिक संस्था की मदद से निगम लगाएगा पौधे

## आज से होगी शुरुआत, 500 पौधे लगाएंगे, सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी देंगे

रिपोर्टर ■ रतलाम

...के लिए शहर सीमा में पेड़ ...नी मात्रा में पेड़ नहीं लगाने के ...ी फटकार के बाद नगर निगम ...एगा। सामाजिक संस्था के ...के लिए अभियान चलाया ...भियान को मिशन ऑक्सीजन ...।

...ाजना फोरलेन बनाने के लिए नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में पेड़ काटने की परमिशन दी थी।

2017-18 में बाजना बस स्टैंड से वरोठ माता मंदिर तक 3.6 किमी का फोरलेन, जबकि उसके आगे बाजना तक टू लेन बनाने का काम शुरू हुआ था। पीडब्ल्यूडी ने 395 पेड़ काटने की परमिशन निगम से ली थी। इसमें लगभग 100 बड़े पेड़ थे। कटाई के दौरान प्रबल सामाजिक संस्था ने विरोध किया था, लेकिन न निगम ने ध्यान दिया न पीडब्ल्यूडी ने। इसे लेकर समाजसेवी अदिति दवेसर ने 2019 में जनहित याचिका लगाई थी। फैसला 2020 में आया, जिसमें कोर्ट ने काटे गए पेड़ के बदले नए पेड़ कहां लगाए उनके वेरिफिकेशन के आदेश दिए थे। अब प्रबल संस्था के सहारे निगम पौधे लगाएगा।

### जनसहयोग से 45 पेड़ किए ट्रांसप्लांट

बाजना बसस्टैण्ड से वरोठ माता मंदिर के सैकड़ों पेड़ों को काटने को लेकर पर्यावरण प्रेमियों सहित अनेक लोगों ने विरोध किया था। काटने को लेकर उठे विवाद के बाद प्रशासन व जनसहयोग से 45 पेड़ों का नए कलेक्टोरेट परिसर और ट्रांसप्लांट किया गया था। पेड़ ट्रांसप्लांट का ये काम इंदौर के प्रेम जोशी की टीम की देखरेख में हुआ था। एक पेड़ के ट्रांसप्लांट पर 10 से 12 हजार का खर्च आया था।

### मिशन ऑक्सीजन की शुरुआत पर्यावरण दिवस से

मिशन ऑक्सीजन की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस से होगी। 5 जून को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज कैम्पस में 50 पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान में 8 से 10 प्रजातियों के शहर में अलग-अलग जगह 500 पौधे रोपे जाएंगे। सबसे बड़ी बात इनकी सुरक्षा की है, जिसके लिए नगर निगम ट्री गार्ड भी लगवा रहा है।

दैनिक भास्कर


5-6-2021

# जलकर पर पेनल्टी वसूली बंद

रतलाम। गत दिनों शहर कांग्रेस ने लाकडाउन पीरियड में जलकर पर पेनल्टी वसूलने के आदेश पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया था। शहर कांग्रेस ने मांग की थी काउंटर बंद होने के कारण जनता भुगतान करने नहीं आ सकती थी। काउंटर भी शासन द्वारा बंद कराए गए थे, इसलिए पेनल्टी वसूलना भी गलत है। इन सब बातों को लेकर निगमायुक्त ने आदेश देते हुए पेनल्टी वसूलना बंद कर दी है। अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मीन शेरानी, प्रेमलता दवे, मयंक जाट, रजनीकांत व्यास, मुबारिक खान, अदिति दवेसर, मंसूर अली पटौदी, धर्मेंद्र शर्मा ने उक्त आदेश पर हर्ष व्यक्त किया है।

**कोरोना गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन**

# ड्रग इंस्पेक्टर ने कॉलेज रोड स्थित मार्डन केमिस्ट पर बनाया पंचनामा




**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

5-6-21

रतलाम. कोरोना महामारी से बचने के लिए हर किसी को कोरोना गाइड लाइन का पालन अनिवार्य है। ऐसे में कोई मेडिकल स्टोर ही इसका पालन नहीं करे तो समझ सकते हैं कि कितने लापरवाह लोग हैं। ऐसे ही कॉलेज रोड स्थित मार्डन केमिस्ट में पाया गया। ड्रग इंस्पेक्टर सारिका अग्रवाल ने यहां जांच की तो छोटी सी दुकान के अंदर ही पांच लोग पाए गए जबकि दुकान के बाहर भी बड़ी संख्या में ग्राहक बिना सोश्यल डिस्टेंसिंग के मौजूद मिले। यही नहीं जांच के दौरान पाया कि बिना फार्मासिस्ट के ही दुकान से दवाइयां बेची जा रही थी। ड्रग इंस्पेक्टर ने फार्मासिस्ट के बिना दवाई बेचने को लेकर प्रकरण तैयार किया है जबकि कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं करने पर जिला प्रशासन को इसकी सूचना दे दी है। दुकान के मालिक हुसैन साबूवाला को शनिवार को नोटिस जारी किया जाएगा।

पत्रिका
5-6-2021

# आज व कल बंद रहेंगी दुकानें, सोमवार से मिलेगी कुछ और छूट

## ढाई घंटे तक शहर में निकला फ्लैग मार्च

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की तमाम दुकानें शनिवार और रविवार को बंद रहेंगी। शुक्रवार रात 7 बजे से लागू हुआ यह लॉकडाउन सोमवार सुबह 6 बजे तक चलेगा। इस दिन से फिर राइट-लेफ्ट सिस्टम के अनुसार बाजार खुलेगा। दो दिन गुरुवार और शुक्रवार को दुकानें खुलने के बाद व्यापारियों को सिस्टम समझ आ गया है। इसका असर शुक्रवार को देखने को मिला। पहली जून से हुए अनलॉक के बाद शुक्रवार पहला दिन है, जब किसी भी दुकानदार पर कार्रवाई नहीं हुई। सभी ने नियमों के अनुसार ही दुकानें खोली। हालांकि चारों थाने के दल बाजार में घूमते रहे। कुछ बिना मास्क वालों को पकड़ा भी लेकिन हिदायत देकर छोड़ दिया। सोमवार से दल फिर सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शनिवार या रविवार को अनलॉक के पहले चरण की समीक्षा करेंगे। उसमें आगे का फैसला लेंगे। वैसे दुकानों के लिए राइट-लेफ्ट सिस्टम और दी गई छूट से किसी को कोई परेशानी नहीं है। निजी निर्माण कार्य कर सकते हैं लेकिन मजदूरों को साइट पर ही रहना होगा।

### आज व कल सिर्फ इन्हें छूट

पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, फल, सब्जी, दूध, मेडिकल स्टोर खुलेंगे। जरूरी सेवाएं भी जारी रहेंगी। इसके अलावा सारी दुकान, कार्यालय और संस्थान बंद रहेंगे।

**निजी निर्माण कार्य हो सकेंगे लेकिन मजदूर को साइट पर ही रहना होगा -** सोमवार से शहर में निजी निर्माण कार्य भी हो सकेंगे। शर्त सिर्फ यह कि मजदूरों को साइट पर ही रहना होगा। बाहर आने-जाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा साइट पर कोरोना गाइड लाइन के अनुसार सुरक्षा प्रबंध भी करना होगा। लॉकडाउन में अब तक सरकारी निर्माण कार्य को छोड़कर प्रशासन तमाम निजी निर्माण कार्य पर रोक लगा रखी थी। इससे वे लोग परेशान हो रहे थे, जिनके निर्माण अधूरे पड़े हैं।

5-6-21

### वर्षाकाल के मद्देनजर लिया फैसला

भास्कर

अगले माह से बारिश शुरू हो जाएगी। ऐसे में अनुमति मिलने से काम शुरू करने वाले नींव भर सकेंगे। बाकी का काम बारिश में भी किया जा सकेगा।

दै. भास्कर
5-6-2021

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

# आज से शहर में प्रारंभ होगा अनूठा बीज बैंक


**• हरियाली बचाने के लिए एकजुट हुए युवा चालू किया मिशन ऑक्सीजन • हर वार्ड एक प्रकृति सैनानी मोहल्ले से एकत्र करेगा फलों के बीज, पौधारोपण, कटाई रोकने के लिए सीडबॉल को बंजर भूमि पर करेंगे रोपित**

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

5 6 21

विश्व पर्यावरण दिवस से शहर में नया और अनूठा प्रयोग प्रारंभ होगा। ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए शहर के अलग-अलग वर्ग से आए प्रकृति प्रेमियों ने 'मिशन ऑक्सीजन' के तहत शहर के हर घर से बीज एकत्रित करने की योजना बनाई है। फलों के बीजों की सीडबॉल बनाकर ये टीम उन्हें बंजर भूमि पर बारिश में रोपित करेगी। इसके अलावा शहर के बगीचों, खाली पड़ी शासकीय भूमि पर पौधारोपण भी सतत रूप से चलाकर हर पौधे की लाईफ रिपोर्ट भी बनाई जाएगी।

ग्रुप की प्रणेता अधिवक्ता अदिति दवेसर ने बताया कि इस कोरोना काल में वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि माध्यमों पर पर्यावरण के लिए प्रेम रखने वाले युवाओं से भेंट हुई तो सभी ने मिलकर काम करने की इच्छा जताई। इसके बाद मिशन ऑक्सीजन नाम से टीम तैयार की गई। टीम में डॉक्टर, वकील, व्यापारी, विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी, गृहणी तक शामिल हैं। सभी ने मिलकर तय किया कि पौधारोपण से भी ज्यादा लोगों में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण स्तर के प्रभाव और जैव विविधता की उपयोगिता पर जागृति लाना आवश्यक है।



## उजाड़ चौराहों, बगीचों में भरेंगे हरियाली

मिशन ऑक्सीजन के सदस्यों ने बताया कि 5 जून को मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधे रोपकर अभियान की शुरुआत करेंगे। टीम द्वारा पौधे रोपने के बाद उसकी नियमित देखरेख कर अपने फेसबुक पेज, ग्रुप में उसके फोटो भी अपलोड किए जाएंगे। ग्रुप का लक्ष्य है कि जितने पौधें रोपे जाएं उतने पेड़ आने वाले सालों में जीवित रहें। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे रोटरी, महापुरुषों की प्रतिमाओं के चारों ओर गमलों में सुंदर पौधे लगाकर रखें जाएंगे जिससे चौराहे या मार्ग की भी शोभा बढ़े।

## पेड़ों को कटने से बचाएंगे, हेल्पलाइन भी होगी शुरू

टीम सदस्यों ने बताया कि शहर और आसपास मौजूद हरे पेड़ों की रक्षा के लिए टीम काम करेगी और इसके लिए आंदोलन, शिकायतों से लेकर कोर्ट तक की मदद ली जाएगी। आम जनता को वृक्ष अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण एक्ट की जानकारी भी सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। ग्रुप द्वारा जल्द हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया जाएगा जिसपर आम लोग पेड़ों के कटने या किसी पशु, पक्षी के संबंध में सूचना दे सकेंगे। ग्रुप द्वारा नगर निगम से भी मांग की जाएगी कि अति आवश्यक होने पर किसी के द्वारा पेड़ काटने की दशा में नियमानुसार काटने से पहले ही संबंधित से 5 स्वस्थ पौधे, ट्रीगार्ड और खाद ली जाए। मिशन ऑक्सीजन में जुड़ी रजनी प्रजापत, नीमल सभरवाल, रिंकु पाटीदार, डॉ. जितेंद्र वर्मा, अशेष अग्निहोत्री, विपिन शर्मा, हर्ष पटवा, आकाश कोठारी, अदिति दवेसर आदि ने शहरवासियों से भी अभियान से जुड़ने की अपील की है।

इसी उद्देश्य से 5 जून से 30 जुलाई तक पूरे शहर में हर एक वार्ड में कम से कम एक सैनानी नियुक्त किया जाएगा। यह व्यक्ति अपने मोहल्ले, कॉलोनी, वार्ड में लोगों से फल खाने के बाद बीज फैंकने के बजाय उन्हें धोकर लेगा और ये बीज एकत्रित कर-के सीडबॉल बनाए जाएंगे। लोगों को भी अभियान से जुड़ने की अपील की जाएगी। इसके बाद नगर निगम, वन विभाग और चिकित्सकों की मदद से सीडबॉल को बारिश के समय बंजली, जामणनदी की पहाड़ियों और आसपास के बंजर इलाकों में रोपित कर इनकी देखभाल की जाएगी। इसका उद्देश्य बीज बोने के साथ लोगों को पेड़ों से जोड़ना भी है।

दबंग दुनिया

5 6 2021

# 45 प्लस के व्यक्ति को टीकाकरण के लिए लाने पर 18 प्लस का भी टीकाकरण होगा

## रतलाम शहर में प्रशासन की टीकाकरण प्रोत्साहन पहल

रतलाम। टीकाकरण को प्रोत्साहित करने तथा 45 वर्ष से अधिक के व्यक्ति, जिन्होंने अभी तक टीकाकरण नहीं करवाया है, ऐसे व्यक्तियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल की जा रही है।

शहर के सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर में 5 जून को विशेष वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। इसमें यदि कोई 18 वर्ष से अधिक का व्यक्ति अपने साथ वैक्सीनेशन के लिए 45 वर्ष से अधिक के व्यक्ति को लेकर आता है, तो 45 वर्ष से अधिक के व्यक्ति का वैक्सीनेशन तो होगा ही साथ ही उन्हें लाने वाले 18 वर्ष से अधिक के व्यक्ति का वैक्सीनेशन भी बिना किसी बुकिंग के किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में की जा रही इस टीकाकरण प्रोत्साहन पहल का उद्देश्य 45 वर्ष से अधिक के शत- प्रतिशत व्यक्तियों के वैक्सीनेशन करना है। एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत ने वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के



उपरांत बताया कि रतलाम शहर में 45 वर्ष से अधिक के अधिकांश व्यक्तियों का वैक्सीनेशन हो चुका है, मगर अभी भी कुछ व्यक्ति वैक्सीनेशन से दूर हैं। ऐसे लोगों को वैक्सीनेशन करवाने के लिए उनके घर- परिवार के युवाओं को आगे आना होगा।

इस पहल का उद्देश्य यही है कि किसी परिवार में 45 वर्ष से अधिक का कोई व्यक्ति अब तक टीकाकरण से वंचित है तो उस परिवार के 18 वर्ष से अधिक के व्यक्ति उन्हें अपने साथ टीकाकरण केंद्र लेकर आएंगे। इससे दोनों का टीकाकरण एक साथ हो जाएगा। समय की भी बचत होगी और परिवार के टीकाकरण योग्य सभी लोगों का टीकाकरण हो जाएगा। उन्होंने शहर के नागरिकों से आग्रह किया है कि इस पहल का लाभ लेते हुए 45 वर्षों से अधिक के शेष व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

5-6-2021

इन्दौर समाचार
5-6-2021

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आज से शुरू होगा बीज बैंक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। विश्व पर्यावरण दिवस से शहर में प्रकृति प्रेमियों ने मिशन आक्सीजन के तहत शहर के हर घर से बीज एकत्र करने की योजना बनाई है। फलों के बीजों की बाल बनाकर टीम उन्हें बंजर भूमि पर बारिश में रोपित करेगी। बगीचों व खाली पड़ी सरकारी जमीन पर पौधारोपण कर पौधों की लाइफ रिपोर्ट भी बनाई जाएगी।

ग्रुप की अभिभावक अदिति दवेसर ने बताया कि कोरोना काल में इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मिशन आक्सीजन टीम तैयार की गई। पांच जून से 30 जुलाई तक शहर के हर वार्ड में कम से कम एक सैनानी नियुक्त करेंगे। वे अपने मोहल्ले, कालोनी, वार्ड में लोगों को प्रेरित करेंगे कि फल खाने के बाद बीज फेंकने की बजाय उन्हें धोकर रखें। उनसे बीज एकत्र कर सीडबाल बनाएंगे। नगर निगम, वन विभाग आदि की मदद से सीडबाल को बारिश के समय बंजली, आमण नदी की पहाड़ियों और आसपास के बंजर इलाकों में रोपित करेंगे।

**उजाड़ चौराहों, बगीचों में भरेंगे हरियाली**

अभियान की शुरुआत मेडिकल कालेज परिसर आज पौधे रोपकर होगी। पौधे रोपने के बाद उसकी नियमित देखरेख कर अपने फेसबुक पेज, ग्रुप में उसके फोटो भी अपलोड करेंगे। शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे रोटरी, महापुरुषों की प्रतिमाओं के चारों तरफ गमलों में सुंदर पौधे लगाकर रखे जाएंगे, ताकि चौराहे या मार्ग की भी शोभा बढ़े। टीम में जुड़ी रजनी प्रजापत, नीलम सभरवाल, रिंकु पाटीदार, डा. जितेंद्र वर्मा, अशोक अग्निहोत्री, विपिन शर्मा, हर्ष पटवा, आकांक्षा कोठारी आदि ने शहरवासियों से भी अभियान से जुड़ने की अपील की है।

**पेड़ कटने से बचाएंगे हेल्पलाइन भी करेंगे शुरू**

टीम सदस्यों ने बताया कि शहर और आसपास मौजूद हरे पेड़ों की रक्षा के लिए टीम काम करेगी और इसके लिए आंदोलन, शिकायतों से लेकर कोर्ट तक की मदद ली जाएगी। आम जनता को वृक्ष अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण एक्ट की जानकारी भी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से देंगे। ग्रुप द्वारा जल्द हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। जिस पर आम लोग पेड़ों के कटने या किसी पशु, पक्षी के संबंध में सूचना दे सकेंगे।

नई दुनिया
5-6-2021

# प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए हर दिन एक पौधा रोपते हैं CM शिवराज

## देश में किसी मुख्यमंत्री का अपनी तरह का पहला नवाचार

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

5-6-2021

मप्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में कई योजनाएं संचालित हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं 5 मार्च से हर दिन एक पौधा रोपने का संकल्प लिया है। यह 77 दिन से जारी है। किसी सीएम द्वारा हर दिन पौधा रोपने का नवाचार देश में अपनी तरह का पहला है। सीएम ने प्रदेशवासियों से भी कहा, वे शुभ प्रसंगों जैसे जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ पर पौधा रोपें। वन विभाग के जरिए स्मृति वन विकसित किए जा रहे हैं। इसमें ग्वालियर की सूखी और नंगी पहाड़ी अब हरी-भरी नजर आने लगी है। सीएम ने प्रदेश की जीवनरेखा नर्मदा के संरक्षण के लिए नमामि देवि नर्मदे यात्रा की। नर्मदा नदी के दोनों किनारों पर लाखों की संख्या में पौधे रोपे गए। नर्मदा नदी सहित प्रदेश की अन्य नदियों को प्रदूषणमुक्त करने के लिए आसपास एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगाने की मंजूरी दी गई। पिछले 15 सालों में हरियाली महोत्सव में करोड़ों पौधे रोपे जा चुके हैं।



पौधरोपण करते मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### तालाबों और नदियों को बचाने बड़े कार्यक्रम

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नदी पुनर्जीवन अभियान शुरू किया है। कैम्पा फंड से बिगड़े वनों के सुधार व नए वन लगाए जा रहे हैं। पर्यावरण विभाग के अंतर्गत एप्को द्वारा राज्य के तालाबों व वेटलैंड के संरक्षण के लिए राज्य वेटलैंड प्राधिकरण का गठन किया गया। शिवपुरी तालाब, अशोकनगर का ईसागढ़ तालाब, सिरपुर वेटलैंड इंदौर, भोज वेटलैंड भोपाल, सीता सागर तालाब दतिया, अमृत सागर तालाब रतलाम के संरक्षण एवं प्रबंधन की योजनाएं चल रही हैं।

**6 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे:** मानसून सीजन में इस बार वन विभाग 4 करोड़ अन्य विभाग दो करोड़ पौधे लगवाएंगे। वर्ष 2019-20 में 5.67 करोड़ रुपए पौधे रोपे गए थे। वर्ष 2017 में 6 करोड़ 77 लाख 50 हजार पौधे रोपकर मप्र ने पौधरोपण का रिकार्ड बनाया था।

पीपुल्स समाचार
5-6-2021

(13)

# दो दिन लेफ्ट-राइट, सोमवार से ढील की उम्मीद

## आज और कल दुकानें बंद, रविवार को हो सकती है क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। एक जून से शुरू अनलाक में गुरुवार को सड़क के राइट व शुक्रवार को लेफ्ट साइट की दुकानों को की व्यवस्था के बाद अब शनिवार-रविवार को दुकानें बंद रहेंगी। अतिआवश्यक सेवाओं से जुड़ी दुकानें चालू रहेंगी। इस बीच क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में सोमवार से छूट का दायरा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बैठक रविवार को हो सकती है। लेफ्ट राइट सिस्टम के आधार पर 50 प्रतिशत दुकानें खोली जा रही हैं। हालांकि इस व्यवस्था में अभी व्यापारी सहमत नहीं हैं। खान-पान की दुकानों को भी अनुमति नहीं मिली है। जिले में संक्रमण दर अब 2 प्रतिशत से नीचे है। ऐसे में छूट का दायरा बढ़ाने की मांग की जा रही है।

शुक्रवार को 12 नए पाजिटिव केस सामने आए। 58 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। लगातार दूसरे दिन एक भी मौत नहीं हुई। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 438 है। जिले में अब तक 17363 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16617 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 पर पहुंच गया है।



कंटेनमेंट एरिया में सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया

### नगरीय क्षेत्र में 251 कंटेनमेंट जोन बनाए

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 251 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

**मेडिकल कालेज में 472 बेड खाली:** शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से शुक्रवार को 11 व्यक्ति स्वस्थ होकर घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि छह नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 27 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 21 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 26 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 78 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 43 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 472 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5889, करंट स्टाक 134 है।

**चार मरीजों को मेडिसिन किट वितरित :** ई-दक्ष केंद्र से शुक्रवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से चार मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके अलावा 13 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

नईदुनिया 5-6-2021

550 बेड के अस्पताल में महज 91 मरीज है भर्ती, 459 बेड खाली

# मेडिकल कॉलेज में आईसीयू से एचडीयू सहित हर वार्ड खाली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना की दूसरी लहर का दौर फिलहाल ठंडा नजर आ रहा है। यही कारण है कि मेडिकल कॉलेज के अस्पताल से लेकर जिला अस्पताल व सभी कोविड केयर सेंटर में मरीजों की संख्या ना के बराबर रह गई है। वर्तमान में हालात इस कदर बदल गए हैं कि जिस मेडिकल कॉलेज में पैर रखने तक के लिए जगह नहीं थी, वहां पर वर्तमान में 550 में से 459 से अधिक बेड खाली पड़े हैं।

रतलाम जिले में बने कोविड केयर सेंटर में वर्तमान में एक भी व्यक्ति भर्ती नहीं है। वहीं मेडिकल कॉलेज में भी सिर्फ 91 मरीज ही भर्ती रह गए हैं। वही एक्टिव चीज की संख्या भी तीन हजार से घटकर 484 पर पहुंच गई है। इतना ही नहीं मौत की आंखों में भी लगातार कमी होने लगी है जिसके चलते अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक हर कोई राहत की सांस ले रहा है। जिले में हालात लगातार सुधरते जा रहे हैं लेकिन अनलॉक के बाद से कई लोग बाजार में लापरवाही बरतते नजर आ रहे हैं।



### निजी अस्पताल में भी बेड खाली

शहर सहित जिलेभर के सभी निजी अस्पतालों में भी अब बेड खाली हो गए है। कुछ ही अस्पताल ऐसे है जिनमें मरीजों का उपचार जारी है। वर्तमान में प्रशासन ने एक बार फिर से हॉटस्पॉट रहे क्षेत्रों में जाकर कोरोना की जांच शुरू कर दी है। इसमें गुमनाम और ऐसे मरीज सामने आ रहे है जिनमें अब तक किसी प्रकार के लक्षण नहीं है लेकिन जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। प्रशासन द्वारा जांच शुरू कराने से समय पर मरीज की जानकारी मिलने से संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बेड की स्थिति

अस्पताल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 25 पर मरीज हैं। एचडीयू में 172 बेड में 28 पर मरीज हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 34 पर मरीज हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 पर मरीज भर्ती हैं। कुल 91 मरीज अस्पताल में भर्ती है। इनमें 47 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। अस्पताल में रिक्त बेड 459 है।

पत्रिका
5-6-2021

### प्रदेश के 6 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर

# इंक्रीमेंट से रोक हटेगी, 1200 से 3000 रुपए तक फायदा

भास्कर न्यूज | भोपाल

राज्य सरकार 6 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पर लगी रोक हटाने जा रही है। 1 जुलाई को अधिकारी-कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देना है। इस बारे में वित्त विभाग ने मसौदा तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया है। यहां मुहर लगते ही इसके आदेश जारी हो जाएंगे। इंक्रीमेंट लगने से कर्मचारियों को एक मुश्त 1200 रुपए तो अधिकारियों को 3000 रुपए तक का फायदा होगा। इस भुगतान पर 150 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। बता दें कि कोरोना संकट के चलते अर्थव्यवस्था चरमराने से कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और वार्षिक वेतन वृद्धि आगामी आदेश तक रोक दी गई थी। फिलहाल सरकार को यह फैसला लेना है कि रोक हटने के बाद इंक्रीमेंट को कर्मचारियों के जीपीएफ अकाउंट में डालें या नकद भुगतान करें।

## 1400 से ज्यादा को नहीं मिलेगा इंक्रीमेंट

वित्त विभाग में वार्षिक वेतन वृद्धि की विसंगति का एक मामला भी लंबित है, जिसमें 30 जून को रिटायर होने वाले अफसरों और कर्मचारियों को 1 जुलाई को लगने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जाता। इसी महीने में ऐसे 1400 से ज्यादा कर्मचारी हैं, जिन्हें इंक्रीमेंट नहीं मिलेगा। इनके मामले में 1 जुलाई यानी सेवा का 366वां दिन होगा। दरअसल, 1 जनवरी 2006 को छठवां वेतनमान लागू होने पर कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि की तारीख 1 जुलाई तय कर कर दी थी। इसके बाद जून के महीने में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय एक इंक्रीमेंट नहीं मिलता है, जिसका नुकसान उन्हें पेंशन में होता है। इस मामले में 2018 में हाईकोर्ट भी फैसला दे चुका है कि जिस कर्मचारी ने साल के 365 दिन नौकरी की है, उसे 1 जुलाई को वेतनवृद्धि पाने का अधिकार है। इस मामले में जल्दी ही फैसला लिया जाना है। अब तक इससे पहले कर्मचारी की नौकरी की ज्वाइनिंग की तारीख को इंक्रीमेंट की तारीख मानी जाती थी।

### ऐसे होगा फायदा : जिनका ज्यादा ग्रेड-पे, उन्हें ज्यादा फायदा

| संवर्ग | संख्या | ग्रेड-पे | फायदा |
|---|---|---|---|
| प्रथम श्रेणी क्लास-1 | 1779 | 10,000 रुपए | 3000 रुपए |
| क्लास-2 | 2279 | 8900 रुपए | 2700 रुपए |
| द्वितीय श्रेणी अधिकारी | 12778 | 5400 रुपए | 2100 रुपए |
| क्लास-3,2 | 08721 | 3600 रुपए | 1400 से 1600 रुपए तक |
| क्लास-3,4 | 1,85,655 | 2800 रुपए | 1200 से 1300 रुपए तक |

दैनिक भास्कर
5-6-2021

# निकायों में संविदा से भरे जाएंगे खाली पद, प्रक्रिया शुरू

5-6-2021

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश के नगरीय निकायों में खाली विभिन्न संवर्ग के पदों को संविदा पर भरा जाएगा। इन पदों पर राज्य शासन या सार्वजनिक उपक्रम के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को नियुक्ति दी जाएगी। इसे लेकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नियुक्ति प्रक्रिया तय कर नियम जारी कर दिए हैं। निकायों में संविदा के पद पहले से हैं। नियुक्ति उन्हीं पर की जाएगी। हालांकि नगर निगमों को किसी भी पद पर नियुक्ति देने से पहले तीन साल के स्थापना व्यय और ऑडिट का ब्योरा आयुक्त को देना होगा। नपा और नगर परिषद के मामले में संभागीय संयुक्त संचालक इसका परीक्षण करेंगे। निकायों में विभिन्न संवर्गों के पद खाली होने के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर निकाय अक्सर भर्ती की मांग करते रहते हैं। कोरोना काल में शहरी क्षेत्रों में संक्रमण रोकने की जिम्मेदारी निकायों की थी। ऐसे में कर्मचारियों की कमी से खासी परेशानी उठानी पड़ी। इसलिए शासन ने संविदा नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। कर्मचारियों की चयन प्रक्रिया पहले से तय है।

नईदुनिया 5-6-2021

# सीएम कोविड विशेष अनुग्रह योजना लागू
## जिले के कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

रतलाम। राज्य में कार्यरत समस्त नियमित, स्थाईकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, आउटसोर्स, अन्य शासकीय सेवक और सेवायुक्तों के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना लागू की गई है। इस योजना पर अमल करने के लिए शासन ने आदेश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना का उद्देश्य ऐसे शासकीय सेवक, सेवायुक्तों की कोविड-19 के उपचार के दौरान या कोविड-19 से स्वस्थ होने के पश्चात संक्रमित होने के साठ दिवस में बीमारी के कारण आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाना है। पात्रकर्मी राज्य के समस्त नियमित वेतन मानदेय, स्थाईकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ/संविदा पर नियुक्त सेवायुक्त जिनका पारिश्रमिक आदि का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय होता है। योजना के लिए पात्र होंगे। विभाग द्वारा सक्षम स्वीकृति एवं मध्यप्रदेश भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 में निर्धारित प्रक्रिया के तहत ली गई आउटसोर्स सेवाओं पर कार्यरत सेवायुक्त, जिनका पारिश्रमिक, मानदेय आदि का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय हो।

दैनिक नईदुनिया 5-6-21

**47 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले, नोटिस जारी-** रतलाम| बीते दो दिनों की तरह शुक्रवार को भी सुबह की सफाई व्यवस्था से 47 कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले।

5-6-2021

# अनुपस्थित 47 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शुक्रवार सुबह विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 47 सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए।

इस पर आधे व पूरे दिन का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

जोन क्रमांक एक में 24, जोन क्रमांक दो में पांच, जोन क्रमांक तीन में 14 व जोन क्रमांक चार में चार सफाई संरक्षकों कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे और एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

5-6-2021


# अनुपस्थित 47 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र

निगम आयुक्त झारिया की उपस्थिति में दिया एप्लीकेशन का प्रेजेन्टेशन

# नगर निगम में लागू होगा ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम

प्रसारण न्यूज • रतलाम

5-6-21

फाईलों की ट्रेकिंग किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा तैयार करवाये गये ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन का प्रेजेन्टेशन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर शैलेन्द्र पटेल ने नगर निगम के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटरों को दिया।

नगर निगम द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की फाइलों पर निगरानी रखे जाने हेतु कि फाईल विभागीय लिपिक द्वारा कब तैयार की गई, तैयार फाईल विभागीय अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई, विभागीय अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई आदि कार्य को निगम आयुक्त श्री झारिया ने गुड गवर्नेंस में लेते हुए ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम तैयार करवाया गया।

इंदौर के श्री पटेल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेजेन्टेशन देते हुए बताया कि ई फाईल टेर्क्रिंग



सिस्टम एप्लीकेशन को मोबाईल, लेपटॉप, डेस्कटॉप व टेबलेट में डाउनलोड किया जाकर फाईल दर्ज की जा सकती है इस हेतु विभाग प्रमुख, फाईल चलाने वाले लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर आदि के द्वारा ई फाईल टेर्क्रिंग एप्लीकेशन के माध्यम फाईलें पहुंचाना होगी जिसकी संपूर्ण जानकारी ई फाईल टेर्क्रिंग एप्लीकेशन पर देखी जा सकती है कि फाईल वर्तमान में किस अधिकारी या लिपिक के पास है। श्री पटेल ने ई फाईल ट्रेकिंग एप्लीकेशन किस प्रकार डाउनलोड करना है तथा किस प्रकार चलाना है का प्रशिक्षण विस्तृत रूप से दिया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि नगर निगम में ई फाईल ट्रेकिंग सिस्टम लागू होने से फाईलों के मूवमेंट में वृद्धि होकर कार्य तेजी से हो सकेंगे व पेंडेंसी नही होगी। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी फाईलों के बारे में गलत जानकारी नहीं दे सकेगा। फाईल चलाने हेतु ई फाईल टेर्क्रिंग एप्लीकेशन में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के नाम व मोबाईल नम्बर दर्ज रहेंगे जिससे यह पता चल सकेगा कि वर्तमान में फाईल किसके पास है। उच्च अधिकारी व विभागीय अधिकारी ई फाईल टेर्क्रिंग एप्लीकेशन में यह देख सकेंगे कि आज मेरे पास कितनी फाईले आई है। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल के अलावा बी.एल. चावरे, बलवंत राठौर, राजेन्द्र राठौड़, कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, कैलाश गेहलोत, राजेन्द्रसिंह गेहलोत, सुनील कपूर, अनिल खरे सहित विभागीय अधिकारी, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटर उपस्थित थे।

5-6-2021

# एप पर आनलाइन मिलेगी फाइलों की जानकारी



निगमायुक्त की उपस्थिति में प्रेजेंटेशन देते हुए शैलेंद्र पटेल। ● नईदुनिया 5-6-2021

रतलाम। नगर निगम में विकास कार्यों सहित अन्य कामों के लिए फाइलों की जानकारी अब आनलाइन रहेगी। शुक्रवार को ई-फाइलिंग एप का प्रजेंटेशन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर के शैलेन्द्र पटेल ने नगर निगम के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटरों को दिया।

नगर निगम में विभिन्न कार्यों की फाइलें विभागीय लिपिक द्वारा कब तैयार की गई, विभागीय अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई, विभागीय अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारी को कब प्रस्तुत की गई आदि कार्य के लिए निगम आयुक्त झारिया ने गुड गवर्नेंस में लेते हुए ई फाइल ट्रैकिंग सिस्टम तैयार करवाया है। प्रजेंटेशन में बताया कि एप्लीकेशन को मोबाइल, लेपटाप, डेस्कटाप व टेबलेट में डाउनलोड किया जाकर फाइल दर्ज की जा सकती है। निगम अमले को एप चलाने की जानकारी भी दी गई।

इस सिस्टम के लागू होने के बाद अधिकारी-कर्मचारी फाइलों के बारे में गलत जानकारी नहीं दे सकेंगे। एप्लीकेशन में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज रहेंगे जिससे यह पता चल सकेगा कि वर्तमान में फाइल किसके पास है। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, अरविन्द दशोत्तर सहित विभागीय अधिकारी, लिपिक व कम्प्यूटर आपरेटर उपस्थित थे।

नई दुनिया

5-6-2021